दिनांक 01.09.2017

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

## अमृत मिशन योजना फेस–02 के प्रगति की समीक्षा की आयुक्त चौहान ने

**भिलाईनगर/** शहर की पेयजल योजना व्यवस्थित हो, घर–घर पानी पहुंचे, किसी परिवार को पानी की समस्या न हो के कार्य को पूर्ण करने के लिए मिशन अृमत के अंतर्गत पेयजल वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। शासन द्वारा समय–समय पर प्रगति की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होते रहते हैं। आज आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, ने सभी जोन के जोनआयुक्त, अभियंता, एवं कार्य करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक ली किस क्षेत्र में कितना प्रगति हुआ निर्धारित ड्राईंग के अनुरुप कार्य हो रहा है कि नहीं।

**शासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार निम्नलिखित बिन्दुओं का पालन करते हुए कार्य पूर्ण करना हैः–**

1. नवीन पाईप लाईन बिछाने हेतु प्रस्तावित क्षेत्र में पूर्व से पाईप लाईन नहीं बिछी है।
2. पूर्व में पाईप लाईन किस वर्ष में बिछाई गई, क्या यह बिछी हुई पाईप लाईन जर्जर है एवं उसका उपयोग होना जनहित में संभव नहीं है?
3. पाईप लाईन के हाईड्रोलिक माड्यूल के अुनसार पूर्व में बिछाई गई लाईन का व्यास (डायामीटर) कम होने के कारण डिजाईन के अनुसार अधिक डायामीटर की लाईन बिछाया जाना आवश्यक है।
4. पूर्व में बिछाई गई पाईप लाईन क्षेत्र की पेयजल आवश्यकता के अनुसार नहीं है। अत्एव डिजाईन के अुनसार अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाया जाना आवश्यक है।
5. अन्य अनुशांगिक विषय जो स्थल की स्थिति के अनुसार तकनीकी रुप से आवश्यक समझा जावे।

निर्धारित बिन्दुओं का सुक्ष्म परीक्षण करने के उपरान्त ही नोडल अधिकारी नवीन पाईप लाईन बिछाने की स्वीकृति लिखित रुप से नक्शे पर चिन्हांकित कर पत्र के साथ संलग्न कर जारी करेंगे। मात्र डीपीआर में प्रावधान होने का हवाला देते हुए, नवीन पाईप लाईन बिछाया जाना मान्य नहीं किया जावेगा, नोडल अधिकारी द्वारा अनुमोदित पाईप लाईन के मानचित के अुनसार ही अनुबंधित एजेंसी द्वारा पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जावेगा, जिसका पीडीएमसी एवं निकाय के अधिनस्थ तकनीकी अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण किया जावेगा। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप कार्य करने को आयुक्त के0एल0 चौहान ने निर्देशित किया।

**जन सम्पर्क अधिकारी**